पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय एवं स्वयं सेवी संस्था 'उम्मीद' के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

————————

भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को शिक्षा से जोड़ें

————————

भिक्षावृत्ति से विमुक्ति व शिक्षित करने के कार्य को विश्वविद्यालय अपने बेस्ट प्रैक्टिसेज से जोड़ें

————————

बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारा जाए

——————

बच्चों में दायित्व बोध विकसित किया जाए

———————

जीवन में सार्थक बदलाव हेतु उचित मार्गदर्शन जरूरी
—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————————

लखनऊः 07 अगस्त, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय स्वयं सेवी संस्था 'उम्मीद' के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

राज्यपाल जी ने स्वयं सेवी संस्था "उम्मीद" के साथ विश्वविद्यालय को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विश्वविद्यालय एवं अधीनस्थ महाविद्यालयों के समीपस्थ चौराहों पर भिक्षावृत्ति के कार्य मे संलिप्त बच्चों को चिन्हित कर उन्हें भिक्षावृत्ति से विमुक्त कर शिक्षा की ओर उन्मुख करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजभवन के इर्द–गिर्द भी यदि इस प्रकार के चौराहे हैं तो उन बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि पैदा कर उन्हें शिक्षित करने का सार्थक प्रयास करें।

राज्यपाल जी ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को अपनाकर ना सिर्फ उन्हें शिक्षा से जोड़ा जाए, बल्कि उस क्षेत्र को भिक्षामुक्त जोन बनाने का भी प्रयास होना चाहिए। इस कार्य को विश्वविद्यालय अपने बेस्ट प्रैक्टिसेज से जोड़ें। उन्होंने कहा कि इस कार्य हेतु हमारे दिल मे संवेदनशीलता और गरीबों के प्रति प्रेम होना चाहिए। हमें गरीबी मिटाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के ऐसे बेघर लोग जिनका कोई घर नहीं है उनके प्रवास की व्यवस्था करें।

राज्यपाल जी ने कहा की भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों व उनके माता–पिता में एक भरोसा उत्पन्न किया जाना चाहिए कि हम उनके हित में कार्य कर रहे हैं। उन्हें रुचिकर गतिविधियों यथा–विभिन्न जगहों पर भ्रमण कराते हुए ज्ञान अर्जन, के माध्यम से उनमें शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करें। उन्होंने कहा कि किसी के जीवन में सार्थक बदलाव लाने हेतु उनका उचित मार्गदर्शन जरूरी है । उन्होनें कहा कि बच्चों में दायित्वबोध भी पैदा करें। उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारा जाए। इन्हें राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि इन बच्चों व उनके परिजनों में यह विश्वास उत्पन्न करें कि हम उनके साथ हैं तथा उनके हित में कार्य कर रहे हैं।

उम्मीद संस्था के संस्थापक श्री बलबीर सिंह मान ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा बच्चों में भिक्षावृत्ति उन्मूलन व उन्हें शिक्षा की ओर उन्मुखीकरण, बेघर महिलाओं हेतु प्रवास की व्यवस्था जैसे कार्यों में संलग्न है। ऐसे बच्चों को आंगनवाड़ी व प्राथमिक विद्यालयों में दाखिला, कम्प्यूटर शिक्षा, स्मार्ट क्लासेज की व्यवस्था कर उन्हें शिक्षित करने की दिशा में संस्था कार्यरत है। संस्था के प्रयास से महिलाओं के लिए वृद्धाश्रम भी बनवाए गए हैं। इस संबंध में अब तक 500

बच्चों को भिक्षामुक्त किया गया है। उन्होनें राज्यपाल जी द्वारा इस दिशा में मार्गदर्शन व सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ प्रोफेसर आलोक कुमार राय आदि उपस्थित थे।

———————

सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन,
सम्पर्क सूत्र–8318116361